सुविचार



अवसर तो सभी को जिंदगी में मिलते हैं किंतु उनका सही वक्त पर सही तरीके से इस्तेमाल कितने कर पाते हैं।

- संतोष गोयल


बरेली के प्रमुख समाचार

■ टीकाकरण को पहुंची महिला अधिकारी पर हमला, वैक्सीन फेंकी-II

■ महाशिवरात्रि : शोभायात्रा के रूट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण -III

■ टेडी डे पर बढ़ी बाजार की रौनक, गिफ्ट कारोबार में उछाल -IV


### सिटी ब्रीफ

## पीजी की प्रयोगात्मक परीक्षा 14 को

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के ललित कला विभाग के पीजी की बैक और मुख्य प्रयोगात्मक परीक्षा 17 फरवरी से 19 फरवरी तक सुबह 10 बजे से विभाग में आयोजित की जाएगी। वहीं, बीए प्रथम सेमेस्टर की बैक और मुख्य परीक्षा मेजर और माइनर 14 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसके अलावा राजनीति विज्ञान विभाग के बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों वायवा 18 फरवरी और 19 फरवरी को नए परीक्षा भवन में आयोजित होगी।

### शहर में आज

- भाजपा महानगर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होटल ओबराय आनंद में सुबह 10 :30 बजे।
- पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा भूजल का सतत् विकास एवं प्रबंधन तृतीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएड विभाग सभागार बरेली कालेज में सुबह 10 बजे।
- दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विंडरमेयर थियेटर फेस्ट में नाटक का मंचन शाम 7 बजे।
- मानव सेवा क्लब द्वारा शिक्षाविद प्रो .एनएल शर्मा की पुण्य स्मृति में विचार गोष्ठी सम्मान एवं पत्रिका विमोचन समारोह बिहारीपुर खत्रियान कार्यालय पर दोपहर 12 बजे।
- श्री हरमिलाप शिव शक्ति मन्दिर मे श्रीभागवत कथा शाम 6 बजे।
- देशव्यापी हड़ताल की बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की तैयारियों को लेकर प्रदर्शन यूनियन बैंक मुख्य शाखा पटेल चोराहा शाम 5 .30 बजे।
- भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा ऑनलाइन व्यापार व जीएसटी सचल दल के मुद्दों पर चर्चा पीर बहोरा रोड नियर एयरफोर्स स्टेशन के समीप दोपहर 3 बजे।

### जाम के झाम से हलकान



ईसाइयों की पुलिस पर रोडवेज बसों की अनियंत्रित आवाजाही से आए दिन जाम लगता है, जिससे दुपहिया वाहन चालकों समेत अन्य लोगों को परेशान होना पड़ता है। मंगलवार को शाम को रोडवेज बसों के चलते जाम में फंसकर लोगों को जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

# अब हर पन्ने पर लिखना होगा अनुक्रमांक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल करने वालों के लिए इस बार ऐसे सख्त नियम लागू किए हैं, जो नकल माफियाओं के सारे खेल को ध्वस्त कर देंगे। उत्तर पुस्तिकाओं के हर पन्ने पर अनुक्रमांक और उत्तर पुस्तिका का क्रमांक लिखना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे किसी भी तरह के पन्नों के बदलाव या फर्जी कॉपियों का खेल असंभव हो जाएगा।

उत्तर पुस्तिकाओं का नया लंबा फार्मेट भी पारंपरिक चौड़ाई वाले फार्मेट की जगह लेगा। दो कवर पेज रखने से मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय और पारदर्शी होगी। यानि जो छात्र बिना पढ़े नकल के भरोसे पास होने की सोच रहे हैं, उनके लिए ये नियम सीधे तौर पर चेतावनी हैं।



- **यूपी बोर्ड परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं के नए नियम नकल करने वालों के लिए बनेंगे चुनौती**
- **जिले में 95 हजार विद्यार्थी देंगे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा**

जिले में 18 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए 129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 95 हजार विद्यार्थी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगी। इस बार उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण छात्रों की संख्या से 40 फीसदी अधिक किया गया है, ताकि जो छात्र एक से अधिक कॉपियों को भरने की क्षमता रखते हैं, उनके लिए अतिरिक्त कॉपियां उपलब्ध रहें।

डीआईओएस डा. अजीत कुमार ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाएं मिल चुकी हैं और इनका वितरण काफी हद तक हो चुका है। प्रश्न पत्र जल्द ही डबल लॉक, सीसीटीवी निगरानी और पुलिस सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए जाएंगे। कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की यह कड़ी तैयारी और सख्ती साफ संकेत देती है कि परीक्षा अब सिर्फ मेहनत और तैयारी करने वाले छात्रों के लिए है।

# सीएम का इंतजार, रामायण वाटिका -रुद्रावनम तैयार

## नाथनगरी में योगी आदित्यनाथ के फरवरी के अंत में संभावित दौरे की संभावना को देखते हुए उद्घाटन की तैयारियां शुरू हुईं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नाथनगरी बरेली में बहुप्रतीक्षित रामायण वाटिका और रुद्रावनम पार्क के उद्घाटन को लेकर एक बार फिर सुगबुगाहट तेज हो गई है। बीते वर्ष दिसंबर माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर बरेली विकास प्राधिकरण ने दोनों परियोजनाओं में तैयारियां अंतिम रूप तक पहुंचा दी थीं। हालांकि, मुख्यमंत्री 11 दिसंबर को राज्यपाल संतोष गंगवार के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होकर ही लखनऊ वापस लौट गए थे, जिससे उद्घाटन टल गया था। अब एक बार फिर फरवरी में मुख्यमंत्री के शहर आगमन की संभावना जताई गई है। हालांकि इसके लिए अभी कोई स्पष्ट तिथि नहीं बताई जा सकी है।





बरेली विकास प्राधिकरण की परियोजना रामायण वाटिका। ● अमृत विचार

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए. ने बताया कि रामायण वाटिका प्राधिकरण की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक पार्क नहीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय सोच का संगम है। रुद्रावनम पार्क में अत्याधुनिक लैंडस्केपिंग, वॉटर बॉडीज और हरित क्षेत्र का विकास कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं, रामायण वाटिका में मियावाकी तकनीक से विकसित घना वन क्षेत्र, आकर्षक मूर्तिकला और इंस्टॉलेशन लगाए गए हैं, जो लोगों को रामायण काल से जोड़ने का अनुभव देंगे। दोनों स्थलों को उद्घाटन की तैयारियां विभाग के स्तर पर पूरी की जा चुकी है। प्राधिकरण सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बरेली दौरा फरवरी माह में किसी भी समय तय किया जा सकता है। ऐसे में संभावना है कि वह रामायण वाटिका का औपचारिक शुभारंभ करेंगे और भगवान शिव को समर्पित रुद्रावनम पार्क का भूमि पूजन भी करेंगे। इसके साथ ही शहर में चल रही और प्रस्तावित कई विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। फिलहाल बीडीए अधिकारियों को शासन स्तर से अंतिम हरी झंडी मिलने का इंतजार है। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रशासनिक अमला भी अलर्ट मोड में है।

- **पार्क नहीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय सोच का संगम है रामायण वाटिका**
- **रुद्रावनम पार्क में लैंडस्केपिंग वॉटर बॉडीज और हरित क्षेत्र का विकास कार्य कर लिया पूरा**



रामायण वाटिका और रुद्रावनम पार्क प्राधिकरण के प्रमुख ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। दोनों पार्कों में सभी निर्माण और हरित क्षेत्र संबंधी कार्य पूरे हो चुके हैं। यह परियोजनाएं न सिर्फ शहरवासियों के लिए बल्कि दूर-दराज के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेंगी। उद्घाटन के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

- डॉ . मनिकंडन ए ., बीडीए उपाध्यक्ष

### शहर की पहचान को नया आयाम देगी वाटिका

बीडीए वीसी का कहना है कि करीब आठ करोड़ रुपये की लागत से बनी यह वाटिका उत्तर भारत की पहली ऐसी परियोजना है, जहां रामायण के विभिन्न प्रसंगों को चौपाइयों और दृश्य रूपांतरणों के माध्यम से जीवंत किया गया है। यहां एक विशेष पैदल पथ भी बनाया गया है, जिसके दोनों ओर भगवान राम के वनवास यात्रा के दृश्य और उससे जुड़े औषधीय पौधे लगाए गए हैं, जिनका उल्लेख रामायण में रामबाण वन के दौरान आता है। वाटिका में कैंटीन, प्लेग्राउंड और बच्चों के लिए मनोरंजन क्षेत्र भी विकसित किया गया है, जिससे यह स्थान न केवल भक्ति का केंद्र बनेगा बल्कि परिवारों के लिए एक आकर्षक पर्यटन स्थल भी होगा।

## भूजल संकट से निपटने के उपायों पर चर्चा आज

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग और राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की ओर से लखनऊ के केंद्रीय भूजल बोर्ड सहयोग से बुधवार को बरेली कॉलेज के एमएड हॉल में भूजल का सतत विकास एवं प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होगा।

पर्यावरण विभाग के असिस्टेंट प्रो. जसपाल सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूजल संरक्षण, वैज्ञानिक प्रबंधन और सतत उपयोग से जुड़े समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। इसके माध्यम से भूजल संसाधनों के संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा जल संकट से निपटने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षाविद, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं तथा पर्यावरण से जुड़े विशेषज्ञ भी भाग लेंगे।

# श्यामगंज मंडी के लिए पहले बोली लगाई, फिर मुकर गया बोलीदाता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के कई महत्त्वपूर्ण स्थानों के संचालन के लिए नगर निगम ने मंगलवार को नीलामी का आयोजन किया, जिसमें श्यामगंज सब्जी मंडी, कुतुबखाना सब्जी मंडी और मोती पार्क साइकिल स्टैंड शामिल थे। राजस्व विभाग ने बोलीदाताओं को आमंत्रित किया था, सुबह से ही नीलामी स्थल पर अच्छी भीड़ देखी गई। बड़ी संख्या में बोलीदाता शामिल हुए। सबसे पहले पुराना शहर निवासी मेहंदी हुसैन ने श्यामगंज सब्जी मंडी के लिए सबसे अधिक बोली ने 8.8 लाख रुपये वार्षिक राशि का प्रस्ताव रखा, लेकिन बोली लगाने के कुछ ही मिनटों बाद मेंहदी हुसैन ने यह कहते हुए मंडी संचालन में असमर्थता जताई कि वह अब यह ठेका नहीं ले सकते। इस अप्रत्याशित घोषणा के बाद अधिकारियों ने तुरंत ठेकेदार के जमानत के रूप में जमा धनराशि जब्त कर ली और नियमों के अनुसार अगले क्रम में रहे बोलीदाता को संचालन के लिए आमंत्रित करने की बात कही। अधिकारियों ने बताया कि आगे की प्रक्रिया में निगम अन्य बोलीदाताओं से भी संपर्क कर उचित निर्णय लेगा, ताकि मंडी का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

- **नगर निगम ने बोलीदाता का ठेका न लेने की बात कहने पर जब्त की जमानत राशि**
- **मोती पार्क साइकिल स्टैंड के संचालन के लिए 4.4 लाख में नई एजेंसी का चयन**

इसके बाद नीलामी में कुतुबखाना मोती पार्क साइकिल स्टैंड के संचालन के लिए भी बोली प्रक्रिया चली, जहां 4.04 लाख रुपये की बोली लगने पर नई एजेंसी चुन ली गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि साइकिल स्टैंड जैसे सार्वजनिक उपयोग के स्थान को सुचारू रूप से संचालित करना आवश्यक है ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। यह भी कहा गया कि चयनित एजेंसी को जल्द ही संचालन का अधिकार सौंप दिया जाएगा और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी, ताकि यह स्थान नियमित रूप से खोला जा सके। नीलामी में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं ने नियमों के अनुरूप अपने दस्तावेज दर्ज किए और प्रक्रिया में पारदर्शिता रखने की कोशिश की।

वहीं, कुतुबखाना सब्जी मंडी के संचालन के लिए हुई नीलामी में कोई बोलीदाता आगे नहीं आया, जिससे इस हिस्से के लिए अलग से पुनः नीलामी आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। राजस्व प्रभारी राजीव कुमार राठी ने बताया कि सब्जी मंडी जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के संचालन में भागीदारी उत्पन्न करना जरूरी है, इसलिए निगम बुधवार को फिर से बोली प्रक्रिया करेगा। स्थानीय व्यापारियों से अपील कि वे इस प्रक्रिया में भाग लेकर शहर की सेवाओं को बेहतर बनाने में योगदान दें।

# बरेली होकर चलेगी राजकोट-लालकुआं होली विशेष गाड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल की तरफ से होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी नंबर 05045/05046 लालकुआं-राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचालन लालकुआं से 1 से 29 मार्चतक प्रत्येक रविवार को और राजकोट से 2 से 30 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को किया जाएगा।

इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि गाड़ी नंबर 05045 लालकुआँ-राजकोट साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी लालकुआं से 12.35 बजे प्रस्थान कर किच्छा 13.00 बजे, बहेड़ी 13.18 बजे, भोजीपुरा 13.52 बजे, इज्जतनगर 14.15बजे, बरेली सिटी 14.35 बजे, बरेली जं. 14.50 बजे, बदायूं से 15.35 बजे, सोरों शुकर क्षेत्र 16.20 बजे,कासगंज 17.15 बजे, हाथरस सिटी 18.15 बजे, मथुरा कैंट 19.05 बजे, मथुरा जं. 19.25 बजे, भरतपुर 21.05 बजे, दौसा 23.40 बजे, दूसरे दिन जयपुर 00.45 बजे राजकोट 18.10 बजे पहुंचेगी। वही वापसी यात्रा में 05046 राजकोट से 22.30 बजे प्रस्थान चलकर दूसरे दिन सुरेन्द्रनगर 00.20 बजे तीसरे दिन कासगंज 00.50 बजे, सोरों शुकर क्षेत्र 01.15 बजे, बदायूं 01.55 बजे, बरेली जं. 02.55 बजे, बरेली सिटी 03.15 बजे, इज्जतनगर 03.35 बजे, भोजीपुरा 03.50 बजे, बहेड़ी 04.17 बजे किच्छा 04.37 बजे छूटकर लालकुआं 05.15 बजे पहुंचेगी।

- **1 से लेकर 29 मार्च तक किया जाएगा संचालन, होली पर आने जाने वाले को मिलेगी राहत**
- **बहेड़ी, भोजीपुरा, इज्जतनगर के अलावा बरेली सिटी और जंक्शन पर होगा ठहराव**

# लापता हुआ फौजी का बेटा बिथरी में मिला, परिजनों को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फौजी का 14 साल का बेटा घर से लापता हो गया। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। बच्चे को चाइल्ड लाइन की टीम ने बिथरी चैनपुर क्षेत्र में रेस्क्यू किया। उसके बाद मंगलवार को उसे बाल कल्याण समिति के सामने पेश कराने के लिए लाया गया। उसके परिजनों को भी उसकी सूचना दी गई। बच्चे ने परिजनों को देखकर टॉयलेट में खुद को बंद करके भागने का प्रयास किया, लेकिन बच्चे को दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया।

बारादरी थाना क्षेत्र के हरुनगला निवासी फौजी ने बताया कि उनका 14 साल का लड़का रविवार शाम घर से खेलने निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई।

बच्चे को बिथरी चैनपुर क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया। किशोर को मंगलवार को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया। वहीं उसके परिजनों को भी बुलाया गया। जहां माता पिता के आने की खबर सुनकर बच्चा बाल कल्याण समिति में बने टॉयलेट में छिप गया पीछे की जाली से भागने का प्रयास किया।

कर्मचारियों और परिजनों ने गेट खोलकर बच्चे को बाहर निकाला। बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर बाद उसे परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

- **बाल कल्याण समिति में पहुंचे परिजनों को देखकर किशोर टॉयलेट में छिपा**
- **जिला अस्पताल में उपचार कराने के बाद परिजनों के साथ भेजा गया किशोर**

### परिजनों का आरोप, जान देने की कोशिश की

जिला अस्पताल में मौजूद बच्चे के परिजनों ने बताया कि बच्चे ने जान देने का प्रयास किया। उसने तार से गले में फंदा लगाया था, जिससे उसकी हालत बिगढ़ गई। चाइल्ड हेल्प लाइन प्रोजेक्ट कॉडिनेडर सोनू सिंह ने बताया कि बच्चा रविवार को बिथरी थाना क्षेत्र में मिला था। सूचना पर चाइल्ड लाइन की टीम मौके पर पहुंची थी और उसे जिला पंचायत स्थित चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन में रखा था। सीतापुर अस्पताल परिसर में स्थित समिति के दफ्तर में उसके परिजनों को मंगलवार को बयान देने के लिए बुलाया गया, लेकिन परिजनों के डर की वजह से वह टायलेट में छिप गया। जान देने की कोशिश के आरोप पूरी तरह से निराधर हैं। बच्चे को स्वस्थ हालत में उसके परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

## कटिहार-अमृतसर स्पेशल का बरेली में होगा ठहराव

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे की तरफ से यात्रियों को राहत देने के लिए होली के मौके पर अब विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। इसमें मुरादाबाद मंडल में गाड़ी नंबर 05736 कटिहार-अमृतसर स्पेशल गाड़ी 18 फरवरी से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को कटिहार से रात नौ बजे चलने के बाद बरेली होते हुए शुक्रवार को सुबह 9:45 बजे अमृतसर पहुंचेगी। गाड़ी नंबर 05741-42 किशनगंज-लालकुआं विशेष गाड़ी भी बरेली होते हुए गुजरेगी। राधा स्वामी सत्संग में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़ को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 04552 सहारनपुर-लखनऊ विशेष गाड़ी 24 फरवरी को सहारनपुर से रात 9:30 बजे चलने के बाद राम 2:17 बजे बरेली आएगी और अगले दिन सुबह 6:40 बजे लखनऊ पहुंचेगी।

जागरूक बनें

## पुलिस, सीबीआई, ईडी वीडियो या वॉयस कॉल्स से जांच या गिरफ्तारी नहीं कर सकती, इसलिए डरें नहीं

# बैंकिंग में न करें सार्वजनिक वाई–फाई का उपयोग, हो सकती ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को लेकर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में रविवार को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किया गया।

इसमें साफ तौर पर बताया गया कि साइबर ठगी से बचने के लिए सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग बैंकिंग कार्य में न करें। साइबर ठगी से बचने की जानकारी देने के साथ ही लोगों को जागरूक किया गया। कार्यशाला में जानकारी दी गई कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को दुनियाभर में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यशाला में पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन व विभिन्न वीडियो के माध्यम से जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मोहम्मद सिबतेन और अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कृष्ण मुरारी ने साइबर जगत में होने वाले फ्रॉड व अन्य खतरों की जानकारी देने के साथ-साथ उनसे बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला।

- **कलेक्ट्रेट में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन**
- **साइबर फ्राड की सूचना साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल दें**



कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर बैठक लेते एडीएम सिटी सौरभ दुबे एवं अन्य उपस्थित अधिकारी। ● अमृत विचार

ऑनलाइन सुरक्षा कवच के अंतर्गत बताया गया कि कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण साझा न करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा न करें और अपनी डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखें। कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाले लिंक पर क्लिक न करें। उच्च लाभ के प्रति प्रेरित करने वाले ऑनलाइन निवेश ऑफरों से बचें व कोई सरकारी एजेंसी, पुलिस, सीबीआई, ईडी आदि वीडियो या वॉयस कॉल्स के माध्यम से आपकी जांच या गिरफ्तारी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर और ऐप को नियमित रूप से अपडेट करें, सार्वजनिक वाईफाई से ऑनलाइन बैंकिंग का कार्य न करें, मजबूत पासवर्ड सेट करें।

अनावश्यक धनराशि या सुविधाएं देने वाले प्रलोभनों में न आएं। साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपराध की तत्काल जानकारी दें। कार्यशाला में नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जिला सूचना अधिकारी नीतू कनौजिया, साइबर क्राइम के इंस्पेक्टर नीरज सिंह उपस्थित रहे।

## कोर्ट के आदेश पर हुई जमीन की पैमाईश

**बरेली, अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर नेकपुर में आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र और ममता राजकीय मानसिक मंदित विद्यालय की जमीन की पैमाइश मंगलवार को पूरी हो गई है। संचित पटेल और अन्य ने दावा किया था कि इन भवनों के निर्माण में लगभग 1000 गज उनकी जमीन शामिल कर ली गई थी।

जिला स्तर पर समाधान न मिलने पर उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया, जिसने जिला स्तरीय कमेटी को मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर कमेटी जल्द ही निर्णय लेगी और विवाद का निपटारा करेगी।

## सिटी ब्रीफ

### 12.75 लाख से अधिक ले रहे हैं पेंशन तो कोषागार को दें सूचना

**बरेली, अमृत विचार :** कोषागार बरेली से पेंशन प्राप्त करने वाले जिन भी लोगों की पेंशन 12.75 लाख रुपये से अधिक है। उन्हें कोषागार को इसकी सूचना 20 फरवरी तक अनिवार्य रूप से देनी होगी। मुख्य कोषागार अधिकारी ने जिले से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जो भी पेंशनर 12.75 लाख से ऊपर की आयकर की सीमा में आते हैं, वह अपना आयकर संबंधी विवरण 20 फरवरी तक जमा कर दें, जिससे अगले वित्तीय वर्ष में प्राप्त पेंशन पर आयकर की गणना करके आयकर कटौती की जा सके। समय पर जानकारी नहीं मिलने पर कोषागार द्वारा नियमानुसार आयकर कटौती कर दी जाएगी।

### जिला अस्पताल में हुआ हेपिटाइटिस शिविर का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मंगलवार को हेपिटाइटिस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल में आए मरीजों में से हेपिटाइटिस के लक्षण वाले 12 मरीजों का ब्लड सैंपल लिया गया। बीते कुछ समय से जिला अस्पताल में किट खत्म होने की वजह से हेपेटाइटिस सी वायरल लोड जांच फिलहाल बंद है। शुरुआती जांच में पॉजिटिव मिले लोगों का वायरल लोड चेक करने के लिए उनका सैंपल अब लखनऊ भेजा जा रहा है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** नाबालिग की अश्लील फोटो वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के आरोपी थाना बारादरी क्षेत्र निवासी मेहताब की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेन्द्र प्रकाश ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया कि 14 सितम्बर 2025 की रात 11 बजे मेहताब उसके घर में घुस आया पुत्री के रूम में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था।

# रूट डायवर्जन : शहर से गुजर रहीं रोडवेज बसें और भारी वाहन, जाम से लोग हलकान

## सिटी स्टेशन रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर होने से तीन माह के लिए बड़े वाहनों का संचालन बंद

- **दिल्ली आने-जाने वाले वाहनों को 100 फुटा से आईवीआरआई इज्जतनगर होकर गुजर रहे**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रूट डायवर्जन के बाद भी शहर से बड़े वाहन निकलने के चलते जाम लग रहा है। जिससे लोगों को घंटो जाम में फंसकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रूट डायवर्जन में आदेश सिर्फ रोडवेज बसों के लिए दिए गए हैं, लेकिन उनकी आड़ में अन्य बड़े वाहन भी शहर में होकर गुजर रहे हैं। इससे शहर के कई चौराहों पर जाम के हालात बन रहे हैं।

अटल सेतु से लेकर दूल्हे मियां की मजार तक सिटी स्टेशन रोड का निर्माण के चलते 3 फरवरी से लेकर तीन माह तक के लिए भारी वाहनों का रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। इससे बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। आदेश में कहा गया है कि दिल्ली और रामपुर की ओर से बरेली आने वाले भारी वाहन झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास होते हुए बिलवा, विलयधाम और इन्वर्टिस तिराहे के रास्ते ट्रांसपोर्ट नगर तक पहुंचेंगे, जबकि रोडवेज बसों के लिए दिल्ली, मुरादाबाद और रामपुर से बरेली आने वाली रोडवेज बसें अब झुमका तिराहा, मिनी बाईपास, इज्जतनगर तिराहा, डेलापीर तिराहा, 100 फुटा पूर्वी पीलीभीत रोड और सुरेश शर्मा नगर होते हुए सैटेलाइट बस स्टैंड पहुंचेंगी। वहीं बदायूं जाने वाली बसें सैटेलाइट, बियावानी कोठी, बुखारा मोड़ और रामगंगा तिराहे के रास्ते चलेंगी। ऐसे में शहर के अंदर से रोडवेज बसे चलने से संजयनगर, सुरेश शर्मा नगर, 100 फुटा, डेलापीर, इज्जतनगर और कर्मचारी चौकी क्षेत्र में बड़े वाहन गुजरने से हर रोज जाम लग रहा है। वहीं इसके अलावा सिटी स्टेशन रोड पर काम होने के चलते छोटे वाहन भी घंटों जाम में फंस रहे हैं। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



सौफुटा रोड पर रोडवेज बसें आने से परेशान होते दुपहिया वाहन चालक।


सौफुटा रोड पर रोडवेज बसें आने से बने जाम के हालात। ● अमृत विचार

# हेल्पलाइन-कंट्रोल रूम दिलाएंगे जाम से निजात



ट्रांसपोर्ट यूनियन के जनजागरूकता कार्यक्रम में मौजूद अफसर। ● अमृत विचार

- **उत्तर प्रदेश ट्रांसपोर्ट यूनियन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जारी किया गया नंबर**
- **सैटेलाइट चौराहे पर एआरटीओ प्रवर्तन और ट्रैफिक सीओ की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ट्रांसपोर्ट यूनियन ने यातायात और परिवहन विभाग के सहयोग से सैटेलाइट चौराहे पर जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एआरटीओ प्रवर्तन और ट्रैफिक सीओ की मौजूदगी में ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 0581-2565758 और व्हटसएप नंबर 9760160112 जारी किया गया, जो पूरे प्रदेश में जिले के लिए अनूठा है। टैम्पो, कार व अन्य वाहनों पर स्टीकर चिपकाकर हेल्प लाइन नंबर का प्रचार किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एआरटीओ प्रवर्तन वैभव सोती और ट्रैफिक सीओ हर्ष मोदी मौजूद रहे। ट्रांसपोर्ट यूनियन के संरक्षक विशाल मेहरोत्रा ने कहा कि ट्रैफिक कंट्रोल रूम की स्थापना भी बरेली जिले में ही की गई है, जिससे अब शहर में कहीं भी ट्रैफिक जाम होने पर लोग हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद ले सकेंगे। महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ने कहा कि हेल्पलाइन नंबर जारी होने से बरेली की आम जनता को लाभ होगा। कार्यक्रम में प्रभजीत सिंह, विष्णु शुक्ला, डॉ. प्रदीप सक्सेना, हेमंत, मनोज गुप्ता, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रंजीत सिंह, एसआई जितेंद्र सिंह, कपिल, मनोज आदि मौजूद रहे।

# टीकाकरण के लिए पहुंची महिला अधिकारी पर हमला, वैक्सीन फेंकी

- **कैंट के लालपुर गांव में टीकाकरण को पहुंची थी महिला अधिकारी**
- **पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्यारा के लालपुर गांव में राजकीय एफएमडी (मुंहपका-खुरपका) टीकाकरण अभियान के दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और जानलेवा हमला कर दिया गया। किसी तरह से उन्होंने मौके से भागकर जान बचाई। महिला अधिकारी की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के महानगर उत्सव पार्ट 2 निवासी स्नेह सिंह राठौर ने बताया कि वह कैंट के ब्लॉक क्यारा पशु सेवा केंद्र पर पशुधन प्रसार अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को क्षेत्र के लालपुर गांव में मुंहपका, खुरपका गांव में टीकाकरण के लिए गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही रामदास और उसके बेटों ने टीकाकरण कराने से इंकार करते हुए गाली गलौज शुरु कर दी। आरोप है कि उसके बाद ईंट उठाकर जान से मारने का प्रयास किया और वैक्सीन छीनकर जमीन पर फेंक दी। उसके बाद उसने किसी तरह से मौके से भागकर जान बचाई। पशुधन प्रसार अधिकारी की तहरीर पर कैंट पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने और मारपीट के साथ जान से मारने की धमकी देने के मामले में रामदास और उसके बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

# आईजीआरएस : बरेली परिक्षेत्र प्रदेश में रहा अव्वल

कार्यालय संवाददाता, बरेली


डीआईजी अजय कुमार साहनी।

- **परिक्षेत्र के चारों जिलों और 88 थानों को भी संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ**

**अमृत विचार :** जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों का समय पर निस्तारण में शासन द्वारा जारी रैंकिंग में माह जनवरी में बरेली परिक्षेत्र ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बरेली परिक्षेत्र के जनपद बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। परिक्षेत्र के कुल 88 थाने भी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि माह जनवरी में बरेली जनपद के कोतवाली, महिला थाना, सुभाषनगर, फतेहगंज पश्चिमी, किला, शेरगढ़, सीबीगंज, बिशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, भुता, भोजीपुरा, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, प्रेमनगर, सिरौली, बिथरीचैनपुर, कैन्ट, फतेहगंज पूर्वी, फरीदपुर, अलीगंज, क्योलड़िया, हाफिजगंज, बहेड़ी और मीरगंज शामिल हैं। वहीं बदायूं जनपद के 20 थाने कुवरगांव, महिला थाना, बिनावर, जरीफनगर, अलापुर, सहसवान, फैजगंज बेहटा, इस्लाम नगर, वजीरगंज, दातागंज, मुजरिया, बिल्सी, बिसौली, उझानी, उसांवा, कादरचौक, उघैती, मुसाझाग, हजरतपुर, सिविल लाइंस हैं।

पीलीभीत जिले के 17 थाने महिला थाना, माधोटांडा, बरखेड़ा, करेली, कोतवाली, हजारा, जहानाबाद, सेहरामऊ उत्तरी, दियोरिया कलां, घुंघचाई, न्यूरिया, पूरनपुर, गजरौला, बीसलपुर, सुनगढ़ी, अमरिया, बिलसंडा शामिल हैं। शाहजहांपुर के सभी 23 थाने प्रथम स्थान पर रहे।

### सम्मानित किए जाएंगे पुलिसकर्मी

डीआईजी ने बताया कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में विगत माह में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर परिक्षेत्र कार्यालय में कार्यरत आईजीआरएस कर्मी उनि शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार व आरक्षी सलिल सक्सेना को नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। परिक्षेत्र के जिन जनपदों और थानों का आईजीआरएस के जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है उनके कार्यों की समीक्षा की जायेगी।




# महिला को बेटी पैदा होने पर घर से निकाला

- **कार के साथ देवर के कारोबार के लिए मांग रहे थे पांच लाख**
- **बारादरी पुलिस ने पति समेत पांच लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट की। आरोप है कि उसके बाद उसने एक बेटी को जन्म दिया तो उसे जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया।

बारादरी थाना क्षेत्र के जगतपुर मोहन तलाब साबरी मस्जिद निवासी खदीजा ने बताया कि उसका निकाह 4 जुलाई 2024 को बारादरी थाना क्षेत्र के नवादा शेखान इमली वाली मस्जिद निवासी मोहम्मद फहीम के साथ हुआ था। महिला ने बताया कि उसके मायके वालों ने निकाह में काफी दहेज दिया था, लेकिन ससुराल के लोग उससे खुश नहीं थे। आरोप है कि ससुराली दहेज में कार की मांग के साथ देवर के कारोबार के लिए पांच लाख रुपये मांग रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करके उसे प्रताड़ित किए जाने लगा। महिला ने बताया कि 12 अप्रैल 2025 को उसने एक बेटी को जन्म दिया। इसके बाद ससुराली उसके साथ मारपीट करके गाली गलौज करने लगे। उसके बाद ससुरालियों ने उसे घर से निकालकर धमकी दी कि अगर बिना दहेज के घर पर आई तो जान से मार देंगे। महिला की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने पति, मोहम्मद फहीम, सास शारदा बी, देवर मोहम्मद वसीम, ननद रुखसार, उजमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मौलाना शहाबुद्दीन के मानहानि मामले में नोटिस जारी

- **सोशल मीडिया पर विपक्षियों ने की थी टिप्पणी**

**विधि संवाददाता, बरेली :** भारत में पारित वक्फ संशोधन बिल को लेकर आल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड और जमीअत उलमा ए हिन्द ने देशभर में धरना प्रदर्शन किया था। इस विरोध के बीच आल इण्डिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बिल के समर्थन में अपना पक्ष रखा था। उनके बयान के विरोध में कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर उन्हें बदनाम करने वाले बयान जारी किए थे। इस पर अदालत ने मौलाना इरफानुल हक कादी, मौलाना रईसुद्दीन नूरी और हाफिज इकराम खां के विरुद्ध मौलाना शहाबुद्दीन के मानहानि मामले को स्वीकार किया और तीनों आरोपियों को नोटिस जारी करते हुए पांच मार्च को तलब किया।

# श्रमिक संगठनों ने निकाला मशाल जुलूस


श्रम कानूनों के विरोध में मशाल जुलूस निकालते संगठनों के पदाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** 29 श्रम कानूनों, मनरेगा की बहाली और फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिलाने को 12 फरवरी को होने वाली हड़ताल की सफलता के लिए मशाल जुलूस निकाला गया। यह मशाल जुलूस केंद्रीय श्रम महासंघों, संयुक्त किसान मोर्चा व खेत समेत ग्रामीण मजदूर यूनियनों के आह्वान पर मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा, इंटक, सीटू, एक्टू, उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति मध्यांचल के संयुक्त तत्वाधान में सेठ दामोदर स्वरुप पार्क से शहीद स्तम्भ कमिश्नरी तक निकाला गया।

जुलूस का नेतृत्व सतीश मेहता, डाक्टर रवि नागर, राजीव शान्त, राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल, रामेश्वर पांडे, लक्ष्मण सिंह राना, रविन्द्र कुमार ने किया।

# नाबालिग संग छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** शौच को गयी नाबालिग से छेड़छाड के आरोपी नवाबगंज थाना क्षेत्र निवासी महेशपाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने तीन वर्ष कारावास व तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जायेगी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि 31 मई 2020 को बेटी खेत पर जानवरों के लिए चरी लेने गई थी, तभी महेशपाल ने उसे अकेला देख छेड़छाड़ की और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने पॉस्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर सात गवाहों के बयान के आधार पर आरोप पत्र कोर्ट में भेजा था।




**दुश्वारी** | अस्पताल में स्टाफ की कमी के चलते एक ही अल्ट्रासाउंड मशीन से हो रहा चेकअप

# महिला अस्पताल को रेडियोलॉजिस्ट का इंतजार

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की दो मशीनें रेडियोलॉजिस्ट का इंतजार कर रही हैं। स्टाफ की कमी के कारण इन मशीनों का संचालन नहीं हो पा रहा है। इसके चलते एक दिन में 70 से 80 महिलाओं का ही अल्ट्रासाउंड हो पता है ।

बता दें कि यहां कुल तीन अल्ट्रसाउंड मशीनें हैं। जबकि रेडियोलॉजिस्ट केवल एक ही है। ऐसे में अगर दो और रेडियोलॉजिस्ट होते तो 200 से अधिक महिलाओं का अल्ट्रासाउंड रोज हो सकता था।

जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लग जाती है। जहां पर वर्तमान में एक अल्ट्रासाउंड मशीन काम कर रही है, क्योंकि यहां एक ही रेडियोलॉजिस्ट है। जल्दी नंबर आने के लिए सुबह से ही पर्चे लगाकर मरीज लाइन लगाकर अपनी बारी आने का इंतजार करते रहते हैं।


जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रा साउंड जांच के इंतजार में महिलाएं।

- **रोज 70 से 80 महिलाओं का होता है अल्ट्रासाउंड**

### इमरजेंसी मरीजों को दी जाती है वरीयता

जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाएं सुबह से ही आ जाती हैं। जिन महिलाओं की तकलीफ ज्यादा होती है उन्हें वरीयता के हिसाब से अल्ट्रासाउंड कराया जाता है। वहीं सामान्य महिलाओं को अपनी बारी के लिए देर तक इंतजार करना पड़ता है।

> हमारे यहां तीन अल्ट्रासाउंड मशीन हैं। फिलहाल एक ही का संचालन हो रहा है। अस्पताल में रोज 70-80 अल्ट्रासाउंड होते हैं। रेडियोलॉजिस्ट ना होने के कारण दो मशीन नहीं चल पा रही है। शासन से रेडियोलॉजिस्ट के लिए मांग की गई है।
>
> –**त्रिभुवन प्रसाद**, सीएमएस

# मॉडल टाउन में मकानों की रेकी करने का आरोप

- **अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष ने एसएसपी से की शिकायत**
- **पुलिस ने शुरू की जांच, सर्विलांस इंस्पेक्टर ने कॉलोनी पहुंच कर किया निरीक्षण**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि कुछ लोग मॉडल टाउन में मकानों की रेकी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अज्ञात संदिग्धों द्वारा घरों की रेकी करने और वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जनसेवा ई-रिक्शा ऑटो चालक एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष व अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह बिट्टू ने बताया कि वह बारादरी थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन में रहते हैं। आरोप है कि 8 फरवरी सुबह करीब 4:40 बजे मॉडल टाउन में दो अज्ञात युवक कॉलोनी में घूमते हुए कई घरों की वीडियो रिकॉर्डिंग करते नजर आए।

कॉलोनी के लोगों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसमें दोनों युवक कैप लगाए, गली में चक्कर लगाते दिखाई दिए। उन्होंने एसएसपी से मांग की है कि किसी बड़ी वारदात के होने से पहले ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। मनजीत सिंह बिट्टू ने बताया कि पुलिस से शिकायत के बाद सर्विलांस इंस्पेक्टर ने कॉलोनी में आकर मामले की जांच की।

## सिटी ब्रीफ

### मंदिर के स्थापना दिवस पर उमड़े श्रद्धालु

बरेली, अमृत विचार : सुपर सिटी कालोनी में जय मां दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। दिव्या जागृत मंच की महिलाओं ने संगीतमयी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। भजन कीर्तन के गायन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। सुपर सिटी परिवार से आरके वाजपेई, आदित्य शर्मा, अनिल सक्सेना, राजीव मेहरोत्रा, प्रेमपाल सिंह, दिनेश कुमार, डीएस धनिक, श्याम बिहारी वर्मा, अमित शर्मा, अनूप शर्मा, बलविंदर सिंह, राम सिंह, राजा मौजूद रहे।

### महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन 27 को

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन द्वारा आगामी होली के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले परंपरागत कार्यक्रम महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन उपजा प्रेस क्लब में 27 फरवरी को मनाया जाएगा। संस्था के संस्थापक स्वर्गीय जे.सी.पालीवाल द्वारा परंपरागत हर्षोल्लास से मनाए जाने वाले महामूर्ख सम्मेलन को संस्था द्वारा आयोजन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में संस्था अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने कार्यक्रम संयोजक अंकुर किशोर सक्सेना, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत और कवयित्री उन्नति शर्मा का सम्मान किया गया। भूपेंद्र नाथ वर्मा, रोहित राकेश, प्रदीप मिश्रा, कमल श्रीवास्तव, हरजीत कौर, दिलशाद, मेराज, अमित कक्कड़, प्रमोद उपाध्याय, सुबोध शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### 26वां इंडियन वेटरनरी कांग्रेस और 33वां आईएएवीआर सम्मेलन आज से

बरेली, अमृत विचार : 26वां इंडियन वेटरनरी कांग्रेस और 33वां आईएएवीआर वार्षिक सम्मेलन 12 और 13 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पशु स्वास्थ्य और सतत पशुधन विकास को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नवाचार, क्षमता निर्माण और नीति-उन्मुख चर्चाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना है। आयोजन सचिव व जैविक उत्पाद के विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत अग्रवाल ने बताया कि इस सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में आईएएवीआर के संस्थापक सचिव एवं वरिष्ठ सेवानिवृत्त पशुचिकित्सा वैज्ञानिक डॉ ऋषेंद्र वर्मा आयोजन का मार्गदर्शन एवं नेतृत्व कर रहे हैं। इस दौरान पशुओं के रोग निवारण और वैक्सीनेशन पर भी चर्चा होगी।

# महाशिवरात्रिः शोभायात्रा के रूट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली


एडीएम सिटी और एसपी सिटी ने सुरक्षा से लेकर यातायात के देखे इंतजाम।

अमृत विचारः महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात शोभ यात्रा के दौरान शहर में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर मंगलवार को एसपी सिटी और एडीएम सिटी ने संयुक्त रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किला, कोतवाली, बारादरी एवं प्रेमनगर थाना क्षेत्रों के प्रमुख रूटों का जायजा लिया गया।

रुट निरीक्षण में एसपी सिटी मानुष पारीक और एडीम सिटी सौरभ दुबे ने यात्रा के संभावित मार्गों, भीड़ प्रबंधन के संभावित बिंदुओं, प्रमुख चौराहों, संकरी गलियों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान संबंधित थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों, ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा जाए।

वहीं भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात हो। साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु राहत एवं बचाव दल अर्लट रहे। इसके अलावा अग्नि सुरक्षा, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा टीम भी शोभायात्रा में मौजूद रहे। एसपी सिटी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि पर शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखा जाए तथा पूर्व सतर्कता एवं समन्वय बनाए रखा जाए।

## मेले में बड़े झूले लगाने को लेनी होगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सातों शिव मंदिरों पर एम्बुलेंस-फायर बिग्रेड की गड़ियां रहेंगी तैनात
- आगामी त्योहारों को लेकर अधिकारियों ने की पीस कमेटी के साथ हुई बैठक


कलेक्ट्रेट सभागार में महाशिवरात्रि मेला आयोजकों के साथ बैठक करते अधिकारी।

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें साफ किया गया कि महाशिवरात्रि में लगने वाले मेलों में बड़े झूले लगाने के लिए अनुमति लेनी होगी। साथ ही सातों शिव मंदिरों पर एम्बुलेंस और फायर बिग्रेड की गड़ियां भी तैनात की जाएंगी।

बैठक में लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। आयोजकों ने शोभायात्रा के दौरान लाईट आपूर्ति सुचारू रखने, मांस-मदिरा की दुकानें बंद कराने, आवासीय क्षेत्र की पतली गलियों में लटकी विद्युत केबिल को सही कराने की भी अपील की। धोपेश्वर नाथ मंदिर के महंत ने बताया निर्माण कार्य के चलते निर्माण सामग्री फैली हुई है। इससे आने वाले भक्तगणों को असुविधा हो सकती है। उक्त सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों निर्देशित किया गया। बैठक में एडीएम पूर्णिमा सिंह, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, एसपी सिटी मानुष पारीक समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद का हड़ताल को नैतिक समर्थन

बरेली, अमृत विचारः शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 12 फरवरी को विभिन्न ट्रेड यूनियनों की ओर से आहूत हड़ताल को नैतिक समर्थन दिया है। जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने कहा कि यह हड़ताल श्रमिकों और कर्मचारियों से जुड़े अहम मुद्दों जैसे रोजगार की सुरक्षा, महंगाई पर नियंत्रण, निजीकरण और ठेकेदारी प्रथा के विरोध और सामाजिक न्याय की मांगों को मजबूती से सामने रखती है। जिला सचिव आफाक अहमद, कोषाध्यक्ष मोहम्मद फैसल ने कहा कि संगठित संघर्ष और एकजुटता से ही प्रशासन का ध्यान कर्मचारियों की वास्तविक समस्याओं की ओर आकर्षित किया जा सकता है। सभी कर्मचारी संगठनों, ट्रेड यूनियनों और जनसंगठनों से एकता बनाए रखें।

# बदहाल सड़क पर भरा नाले का गंदा पानी उठती भीषण दुर्गन्ध से लोग हो रहे बेहाल

### सिस्टम की नाकामी है राजीव एन्कलेव में जलभराव की कहानी, अव्यवस्थाओं से जूझती कालोनी में जीना दूभर

कार्यालय संवाददाता, बरेली


राजीव एन्कलेव कालोनी की मुख्य सड़क की तस्वीर। ● अमृत विचार

अमृत विचारः बदहाल सड़क, उस पर भी भरा नाले का गंदा पानी और उससे उठती भीषण दुर्गन्ध से सांस लेना दूभर है। जी हां! ये तस्वरी है स्मार्ट सिटी का तमगा लगाए शहर बरेली की एक कालोनी राजीव एन्कलेव की। यहां के हालात बता रहे हैं कि सबसे बड़ी समस्या बारिश नहीं, बल्कि सिस्टम की नाकामी है।


बिना एक बूंद बारिश के पूरी कॉलोनी में जलभराव है। सौ फुटा रोड पर बन रहे नाले का पानी ओवरफ्लो होकर कालोनी में घुस गया है। नालियां चोक हैं, सड़कों पर गंदा पानी और दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बीते चार दिनों से हालात बदतर बने हुए हैं। दिन में किसी तरह आवाजाही हो भी जाती है, लेकिन रात होते ही हालात भयावह हो जाते हैं। अधूरी सड़क, गहरे गड्ढे और जलभराव हादसों को खुला न्योता दे रहे हैं। लोग गिर रहे हैं, चोटिल हो रहे हैं, वाहन फंस रहे हैं, लेकिन स्मार्ट सिटी का सिस्टम आंख मूंदे बैठा है।

> काम तो करीब चार महीने पहले ही शुरू होकर खत्म हो चुका होता। निर्माण सामग्री भी मंगवा ली गई थी। लेकिन, कालोनी में पाइपलाइन बिछाने की वजह से सड़क निर्माण का काम रोकना पड़ा। इसी दौरान कालोनी में पुलियां बनवा दी गई। दो से तीन दिन में सीसी रोड बिछाने का काम भी शुरू हो जाएगा। -शिखर सिंह, कांट्रेक्टर


स्मार्ट सिटी के नाम पर मजाक हो रहा है। घर से बाहर कदम रखते ही पानी और कीचड़ से सामना होता है। बदबू इतनी है कि सांस लेना मुश्किल हो गया है। रात में अंधेरे के समय तो जलभराव और खराब सड़क जानलेवा साबित हो सकती है। -देवदास

हैरानी की बात तो यह है कि कॉलोनी के लोगों का कहना है कि सड़क बिछाने का ठेका भी छह से सात महीने पहले फाइनल हो चुका है। ठेकेदार ने नालियां बना दी है। रोड पर जगह-जगह गिट्टी भी बिछा दी है, लेकिन सड़क अब तक फाइलों में ही दौड़ रही है। नतीजतन, घरों में मेहमान तक आने से कतराने लगे हैं। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सड़क पर गुजरते हैं तो हमेशा फिसलने या गिरने का डर बना रहता है। कुल मिलाकर ठेकेदार बेफिक्र तो जिम्मेदार तमाशबीन बने हुए हैं। पानी निकासी के नाम पर सौ फुटा रोड किनारे दो इंजन लगाकर की गई खानापूर्ति भी हालात संभालने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। स्मार्ट सिटी के नाम पर किए जा रहे बड़े-बड़े दावों के बीच लोग इस जलभराव से मुक्ति के लिए जिम्मेदारों की ओर उम्मीद की नजर से देख रहे हैं।


सड़क तो पहले ही जर्जर है, अब जलभराव की समस्या ने दुश्वारियां और बढ़ा दी हैं। सौ फुटा रोड के नाले का पानी ओवरफ्लो होकर घरों तक पहुंच रहा है। बच्चे, बुजुर्ग सभी परेशान हैं। -सुभाषा देवी


समस्या सार्वजनिक है। सुबह ऑफिस जाना हो या शाम को लौटना, हर वक्त डर बना रहता है। सड़क पानी में डूबी रहती है, समझ ही नहीं आता गड्ढा कहां है। यहां तो बिना बारिश ही जलप्रलय जैसे हालात हैं। -हरिओम मिश्रा



सौ फुटा रोड से सटे एक अस्पताल में नौकरी करता हूं। परिचित से मिलने के लिए कालोनी में आना-जाना लगा रहता है। पिछले पांच दिन से जलभराव की समस्या विकराल हो चुका है। कालोनी की सड़क तो महीनों से बदहाल है। आज भी काम से आया था, लेकिन सड़क पर जलभराव की वजह से काफी समस्या हुई। -मोती शर्मा


करीब छह महीने पहले सड़क का ठेका फाइनल हो चुका है। सड़क की बदहाली के बाद अब जलभराव से कालोनी में घुसना मुश्किल है। नाला ओवरफलो होने की वजह से पानी बैक मार रहा है। ठेकेदार कालोनी में पुलिया और नालियां बनवाने के बाद लौटकर हालात देखने तक नहीं आया। -सजल वर्मा

## जिंदगी की ट्रेडमिल पर पीछे छूटता प्यार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल में रंग विनायक रंगमंडल का प्रभावी मंचन


ट्रेडमिल का एक दृश्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : विंडरमेयर थिएटर के 16 वें फेस्टिवल के दूसरे दिन मंगलवार को मेजबान टीम रंग विनायक रंगमंडल ने संदीप शिखर का लिखित नाटक ट्रेडमिल का प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को आधुनिक जीवन की भागदौड़ और रिश्तों के बदलते समीकरणों से रूबरू कराया। नाटक का निर्देशन दानिश खान द्वारा किया गया।

रंग विनायक रंगमंडल की ओर से प्रस्तुत नाटक ने छोटे शहर के युवक और बड़े शहर की युवती की प्रेम कहानी के माध्यम से यह दिखाया कि सपनों की दौड़ में किस तरह रिश्तों की गर्माहट पीछे छूटती चली जाती है। ट्रेडमिल नाटक का निर्माण दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश्वर सिंह ने किया। इसमें मुख्य भूमिकाओं में अजय चौहान और सम्युन खान नवविवाहित जोड़े की भावनात्मक यात्रा को प्रभावी ढंग से मंच पर उतारा।

मोहसिन खान, भूपेंद्र कुमार, सादिक, अनुज वर्मा और उत्कर्ष प्रजापति ने नाटक में अपने-अपने किरदारों से प्रस्तुति को जीवंत बनाया। संवादों की चुटीलापन और जीवन की सच्चाइयों को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश करने की शैली ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। नाटक के तकनीकी पक्ष में हृदयेश प्रताप सिंह की लाइट डिजाइन, राज सिंह का साउंड एग्जिक्यूशन, अनुष्का मिश्रा का प्रोजेक्शन और लविना खानचंदानी की कॉस्ट्यूम डिजाइन ने मंचन को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

वीडियो डॉक्यूमेंटेशन सिद्धार्थ रावल ने किया। फेस्टिवल में बुधवार को डी फॉर ड्रामा, मुंबई की ओर से नाटक कौमुदी का मंचन होगा। विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल 15 फरवरी तक प्रतिदिन शाम साढ़े 6 बजे से जारी रहेगा।

## वार्डन को हाउस होल्ड रजिस्टर पूरा करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नागरिक सुरक्षा कोर सिविल लाइन प्रभाग ने शांति विहार में आयोजित की बैठक

अमृत विचार : नागरिक सुरक्षा कोर सिविल लाइन प्रभाग के मढीनाथ पोस्ट की मासिक बैठक शांति विहार स्थित प्रायगो बारात घर में संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि सहायक उप नियंत्रक पंकज कुदेशिया ने हाउस होल्ड रजिस्टर के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि जिन वार्डन पोस्ट के हाउस होल्ड रजिस्टर पूर्ण नहीं है या लगातार अपडेट नही हुए है वे जल्दी ही उन्हें पूर्ण एवं अपडेट कर विभाग को सूचित करें। एवं प्रत्येक वार्डन पोस्ट में आवश्यक फायर फाइटर्स की टीम गठित कर उन्हें प्रशिक्षित करना भी सुनिशित करें। बैठक में उपस्थिति विशिष्ट अतिथि प्रभागीय वार्डेन दिनेश यादव ने पोस्ट के वार्डन को आपसी सामन्यजस्य बैठाते हुए एवं क्षेत्र के जागरूक प्रहरी के रूप प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखते हुए शांति व्यवस्था को बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग बनाये रखने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से घटना नियंत्रक अधिकारी सुनील यादव, पोस्ट वार्डन सत्य पाल सिंह, वरिष्ठ सेक्टर वार्डन मंगल सेन मौर्य, दीप्ति सक्सेना, रमेश चंद्र वर्मा, कमलेश मौर्य, विश्वनाथ प्रताप मौजूद रहे। मासिक बैठक की अध्यक्षता सत्य पाल सिंह ने और संचालन अशोक कुमार शर्मा ने किया।

## डेंटल शिविर में 50 लोगों ने करायी जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली


शिविर में डेंटल इंस्टीट्यूट के चिकित्सक। ● अमृत विचार

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस ने किया डेंटल शिविर का आयोजन

अमृत विचार : महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस की ओर से निःशुल्क डेंटल शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि दांतों की सुरक्षा ही शरीर की नींव होती है। अगर दांत स्वस्थ होंगे तो मस्तिष्क स्वस्थ होगा तभी शरीर स्वस्थ रहेगा।

कैंप में 50 से अधिक विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने अपने दांतों का परीक्षण और उपचार के लिए परामर्श लिया। कैंप में डेंटल कॉलेज की प्रो. और एक्सपर्ट डॉ. जयश्री गर्ग ने परीक्षण करते हुए उपचार बताया। उन्होंने दांतों की देखभाल और स्वच्छता के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य केंद्र के प्रशासक डॉ. अमित कुमार वर्मा ने बताया कि उनके स्वास्थ्य केंद्र पर समय-समय पर कैंप का आयोजन होता रहता है। जिससे विश्वविद्यालय कैंपस में रहने वाले सभी लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विश्वविद्यालय की डिप्टी रजिस्ट्रार ममता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन में दीपक वर्मा, सुरभि शाक्य, विनय मिश्रा, प्रगति तिवारी, अक्षय, खुशी, मुनीश, राजू, दीपक कनौजिया, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## विस में सीएम योगी ने फरीदपुर विधायक को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- योगी बोले- प्रो. श्याम बिहारी लाल ने शिक्षण अनुभव को जनसेवा से जोड़कर लोकतंत्र को दी मजबूती



अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोक जताते हुए सदन में कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हो गया।

वह दूसरी बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक थे। प्रो. श्याम बिहारी लाल ने शिक्षण अनुभव को जनसेवा से जोड़कर लोकतंत्र को मजबूती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल मिलनसार और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे। शिक्षा जगत से उनका गहरा जुड़ाव रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी विकास कार्यों को गति दी और पिछड़े, वंचित व गरीब वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर काम किया।

## टीकाकरण के साथ ट्रेनिंग में सीखे हज यात्रा के अरकान

बरेली, अमृत विचारः हज यात्रा-2026 पर जाने वाले यात्रियों के लिए मंगलवार को खलील हायर सेकेंडरी स्कूल में विशेष प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के निर्देशन में लगाया गया, जिसमें जिले से चयनित हज आज़मीनों (हज यात्रियों) ने भाग लिया। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी ख़ाँ वारसी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य हज सफर की तैयारी करना था। इसमें यात्रियों को हज के अरकान (मुख्य रस्में) जैसे एहराम बांधना, तवाफ-ए-काबा, कुर्बानी आदि के तरीके विस्तार से सिखाए गए। कैंप में हाजी साकिब रजा खां, डॉ कसिमुद्दीन, दानिश खान, उवैस खान, सय्यद असद अली आदि का विशेष योगदान रहा।

## क्वालिटी मैनेजमेंट

### उच्च शिक्षा में गुणवत्ता मूल्यांकन और पारदर्शिता पर जोर

# महाविद्यालयों के लिए नैक मूल्यांकन अनिवार्य, तैयारी तेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध क्षमता और प्रशासनिक डाटा नैक पोर्टल पर प्राचार्य कर रहे अपलोड

अमृत विचार : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता सुधार और राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक मानकों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी संबद्ध महाविद्यालयों के लिए नैक मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया है। कुलसचिव के ओर से जारी निर्देशों में सभी महाविद्यालय के प्राचार्य नैक पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण कर संस्थागत गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का गठन करें। आवश्यक दस्तावेजों का संकलन समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, उच्च शिक्षा में गुणवत्ता मूल्यांकन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैक मान्यता आवश्यक है। विश्वविद्यालय से जुड़े अधिकांश महाविद्यालयों ने निर्देशों के बाद अपनी तैयारी शुरू कर दी है। महाविद्यालय की ओर से स्वमूल्यांकन रिपोर्ट, शैक्षणिक गतिविधियों का अभिलेख, अधोसंरचना विवरण व शोध संबंधी दस्तावेजों को व्यवस्थित किया जा रहा है। कुलसचिव हरीश चंद ने बताया कि नैक मान्यता से महाविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध क्षमता और प्रशासनिक व्यवस्था का आकलन होगा, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय स्वयं भी राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रक्रियाओं के तहत गुणवत्ता सुधार पर जोर देता रहा है। विश्वविद्यालय ने प्राचार्यों से प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि संबद्ध महाविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

### विश्वविद्यालय ने कॉलेजों से मांगी समितियों, सेल गठन की रिपोर्ट



बरेली, अमृत विचार : विश्वविद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सभी संबद्ध महाविद्यालयों से आवश्यक समितियों एवं सेल के गठन की प्रगति रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराने के लिए सोमवार को निर्देश जारी किया। शासनादेशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिन महाविद्यालयों में समितियों का गठन हो चुका है, वे उसकी सूचना तुरंत भेजें। वहीं, बाकी बचे शेष महाविद्यालय एक सप्ताह के भीतर गठन कर निर्धारित प्रारूप में विवरण विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। कुलसचिव ने बताया कि एनईपी क्रियान्वयन सेल, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी), पाठ्यक्रम विकास समिति, अनुसंधान एवं नवाचार सेल, कौशल विकास एवं रोजगारपरकता सेल, छात्र कल्याण समिति, शिक्षक विकास समिति, परीक्षा एवं मूल्यांकन सुधार समिति, उद्यमिता एवं इनक्यूबेशन सेल, सांस्कृतिक एवं मूल्य शिक्षा समिति, डिजिटल लर्निंग एवं आईसीटी सेल तथा सामुदायिक सहभागिता एवं जनसंपर्क समिति का गठन अनिवार्य किया गया है। सभी महाविद्यालय को संलग्न गूगल फॉर्म में अपेक्षित सूचनाएं दो दिन के भीतर भरकर भेजने के लिए निर्देश जारी किए गए।

## विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रपति भवन भ्रमण


राष्ट्रपति भवन भ्रमण के दौर बरेली कैंटोनमेंट बोर्ड के अधीन संचालित स्कूलों के विद्यार्थी एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बरेली, अमृत विचार : कैंटोनमेंट बोर्ड बरेली की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. तनु जैन के मार्गदर्शन व प्रयासों से बोर्ड के अधीन संचालित विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली का प्रेरणादायी शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस विशेष यात्रा में आरएन टैगोर इंटर कॉलेज के साथ-साथ आर्मी पब्लिक स्कूल और आशा स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। राष्ट्रपति भवन के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को देश के सर्वोच्च संवैधानिक संस्थान की कार्यप्रणाली, ऐतिहासिक विरासत, स्थापत्य कला और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

विद्यार्थियों ने 'अमृत उद्यान' का अवलोकन किया। जहां विविध प्रकार के पुष्पों, हरित परिदृश्य और पर्यावरण संरक्षण के संदेश ने बच्चों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया। यह शैक्षिक पहल डॉ. तनु जैन के नेतृत्व में हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों के समग्र विकास, राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस 'नो योर नेशन' प्रोग्राम के माध्यम से छात्रों को महत्वपूर्ण संस्थाओं और स्थलों से परिचित कराया जा रहा है। जिससे उनमें अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास सके।

## सिटी ब्रीफ

### वैभव ने उत्तीर्ण की नेट-जेआरएफ परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के जागृति नगर करगैना निवासी वैभव तिवारी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता एवं कनिष्ठ शोध वृत्त (नेट-जेआरएफ) परीक्षा 99.97 परसेंटाइल से उत्तीर्ण की है। कवि कमल कांत तिवारी के पुत्र वैभव ने अपने प्रथम प्रयास में आल इंडिया तीसरी रैंक के साथ यह परीक्षा उत्तीर्ण की। वैभव ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुओं के साथ माता-भाई एवं चाचा-चाची को दिया। वैभव ने हाईस्कूल की परीक्षा सेंट-मैरीज एवं इंटर की परीक्षा जीआरएम से तीसरी रैंक के साथ उत्तीर्ण की थी। परास्नातक की परीक्षा बरेली कालेज से उत्तीर्ण की है।

### सृजन ने जरूरतमंदों व श्रमिकों को बांटा भोजन

**बरेली, अमृत विचार :** सृजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मंगलवार को परसाखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में जरूरतमंदों और श्रमिकों के लिए भोजन वितरण शिविर लगाया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन ग्रहण किया। अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया कि सोसाइटी लगातार आमजन और जरूरतमंदों के लिए भोजन वितरण अभियान चला रही है। उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, संरक्षक राजीव सक्सेना और मीडिया प्रभारी अमित गौड़ ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दीक्षा सक्सेना, अमित गौड़, सोनाक्षी गुप्ता, राहुल कपूर, प्रशांत अग्रवाल, आशीष खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

### भाकियू ने मांगों का सौंपा ज्ञापन

**बरेली/शेरगढ़, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक टिकैत के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंगलवार को बैठक कर विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन एडीओ कृषि हरिनंदन प्रसाद को दिया। महिला ब्लाक अध्यक्ष सविता प्रजापति ने गांव मलूकपुर में सीसी रोड, ठाकुर दास ने ब्रह्मदेव स्थल पर हैंडपंप लगवाने की मांग की।

# टेडी डे पर बढ़ी बाजार की रौनक, गिफ्ट कारोबार में उछाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वैलेंटाइन वीक में इस बार स्थानीय बाजारों नए ट्रेंड के साथ दिखाई दे रहे हैं। युवाओं की पसंद अब केवल दिखावटी गिफ्ट्स तक सीमित नहीं रह गई है। अब वे ऐसे गिफ्ट चुन रहे हैं जो लंबे समय तक इस्तेमाल में आएं और भावनात्मक जुड़ाव भी दिखाएं। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार वैलेंटाइन वीक अब केवल रोमांटिक त्योहार नहीं बल्कि एक बड़ा सीजनल मार्केट बन चुका है।


दुकान पर सजे टेडीबियर। ● अमृत विचार

वैलेंटाइन वीक के हर दिन का अलग महत्व होता है। 10 फरवरी को मनाया जाने वाला टेडी डे युवाओं के बीच खासा लोकप्रिय है, क्योंकि इसे प्यार और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक माना जाता है। स्थानीय गिफ्ट शॉप और फ्लोरिस्ट दुकानदारों के मुताबिक इस साल पारंपरिक लाल गुलाबों के साथ-साथ नए तरह के

- वैलेंटाइन डे के चलते टेडी और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स की डिमांड तेज
- पारंपरिक गिफ्ट्स के साथ यूजफुल और इमोशनल गिफ्ट्स का ट्रेंड

गिफ्ट्स ज्यादा बिक रहे हैं। वैलेंटाइन वीक के दौरान फूलों और गिफ्ट्स का कारोबार हजारों करोड़ तक पहुंच जाता है और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म इस खरीदारी में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस बार प्रैक्टिकल बुके काफी ट्रेंड में हैं। इनमें फूलों की जगह चॉकलेट, स्नैक्स, प्रोटीन बार या स्किन केयर प्रोडक्ट्स सजाकर दिए जा रहे हैं। इसके अलावा प्रिजर्व्ड और ड्राय फ्लॉवर्स की मांग बढ़ी है, क्योंकि ये लंबे समय तक चलते हैं और घर की सजावट में भी काम आते हैं। पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स जैसे नाम वाले लॉकेट, कस्टम फोटो फ्रेम और मैसेज बॉक्स युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। वहीं रोज गोल्ड और सिल्वर की हल्की ज्वेलरी भी ट्रेंड में है, जिसे रोजमर्रा में इस्तेमाल किया जा सके। टेक गिफ्ट्स में स्मार्टवॉच, ईयरबड्स और फिटनेस गैजेट की बिक्री बढ़ी है। इसके साथ ही स्किनकेयर, ग्रूमिंग और सेल्फ-केयर किट्स की मांग लड़के और लड़कियों दोनों में बढ़ी है। पिछले साल भी स्किनकेयर कॉम्बो, हेल्दी चॉकलेट और ज्वेलरी टॉप कैटेगरी में रहे थे।

# कई बीमारियों से बचाती है एलबेंडाजोल की एक गोली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्वास्थ्य विभाग ने छात्र-छात्राओं को एलबेंडाजोल दवा खिलाने के लिए किया आयोजन

**अमृत विचारः** खून की कमी और अन्य कई बीमारियों से बचाने को उन्नीस साल के बच्चों के लिए एलबेंडाजोल दवा खिलाने के लिए सीबीगंज इंटर कॉलेज में कार्यक्रम किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में एलबेंडाजोल दवाई के फायदे भी छात्र-छात्राओं को बताये गये।

मुख्य अतिथि प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने बताया कि हमें अपने एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एलबेंडाजोल की दवाई जरूर खिलानी चाहिए। अनेक बीमारियों से बचाव है एलबेंडाजोल की एक गोली। इसे खाने से एनीमिया जैसी बीमारी नहीं होती एवं पेट से कीड़े निकल जाते हैं। इस अवसर पर चित्रलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। सीबी गंज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य भानु प्रताप एवं स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# महंगाई और टैक्स में राहत की आस में व्यापारी-उद्यमी

## वित्त मंत्री पर टिकीं निगाहें, स्टार्टअप और एमएसएमई के लिए विशेष राहत पैकेज से अर्थव्यवस्था में आएगी मजबूती

**यूपी बजट आज**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 11 फरवरी को पेश होने वाले यूपी बजट को लेकर व्यापार जगत के साथ-साथ उद्यमियों और व्यापारियों की निगाहें बजट पर टिकी हुई हैं। बढ़ती महंगाई, कच्चे माल की लागत में इजाफा और ऑनलाइन कारोबार की बढ़ती चुनौती ने स्थानीय व्यापारियों और छोटे उद्यमियों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। ऐसे में आगामी बजट से उन्हें बड़ी राहत की उम्मीद है। व्यापारियों और उद्यमियों का मानना है कि यदि सरकार इस बार बजट में जमीनी स्तर पर काम कर रहे छोटे व्यापार, स्टार्टअप और एमएसएमई सेक्टर को प्राथमिकता देती है, तो इससे न केवल बाजारों में रौनक लौटेगी बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी।


सर्राफा व्यवसाय पर लगने वाला तीन प्रतिशत का टैक्स काफी अधिक है, इसको एक प्रतिशत तक करने से सोना चांदी के आभूषण खरीदने पर लोगों को राहत मिलेगी। वर्तमान में सोना चांदी के मूल्य अत्यधिक होने के कारण इस व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। – **संजीव औतार** अग्रवाल, वरिष्ठ सर्राफा व्यापारी


आगामी बजट में एमएसएमई में मिलने वाली प्रदेश सरकार द्वारा ब्याज सब्सिडी की धनराशि प्रदेश सरकार को बढ़ानी चाहिए। जिससे उद्योगों को समय पर ब्याज सब्सिडी मिल सके। साथ ही माइक्रो इंडस्ट्रीज अपने प्रदेश में और अधिक लग सकें इस पर सरकार को सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। **संजीव चांदना**, महानगर कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल


बजट में हम उद्यमियों की आशा है कि राज्य साकार उद्योगों हित की विशेष घोषणाएं जरूर करेगी। जैसे कि उद्योगों के लिए भूखंडों की उपलब्धता, विभिन्न विभागों से एनओसी प्राप्त करने की समय सीमा कम की जाय। कंप्लायंस कॉस्ट में कमी लाई जाए। **बिमल रेवाड़ी**, सीईसी मेंबर आईआईए


प्रदेश सरकार के लिए रोजगार एक अहम मुद्दा है और उद्योग इस मुद्दे पर बहुत अच्छे से सहयोग दे सकते हैं। इसलिए हमारी अपेक्षा है कि उद्योगों के लिए अच्छी से अच्छी योजनाएं लाई जाएं। जिससे पुराने और नए उद्योग दोनों को खुलकर काम करने का और बढ़ाने का मौका मिले। – **आशुतोष शर्मा**, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती


बरेली में एक अद्योगिक क्लसटर/कोरीडोर की घोषणा होनी चाहिए, चाहे वो पैकेजिंग हब हो या लकड़ी का फरनीचर का हब। ट्रांसपोर्ट संसाधनों को और सुगम बनाने की आवश्यकता है। औद्योगिक उत्पादों को बरेली से अन्य राज्यों में जाने पर लागत कम हो सके एवं अधिक माल बाहर जाए सके। **अभिनव अग्रवाल**, उद्यमी


हम चाहते हैं कि ऑनलाइन व्यापार पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए, जिससे छोटे व्यापारियों का कारोबार खत्म होने से बचाया जा सके। ऑनलाइन कारोबार से छोटे व्यापारी धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। इसलिए इस पर सरकार को विचार करना चाहिए। – **दीपक द्विवेदी**, महानगर महामंत्री, व्यापारी सुरक्षा फोरम


आने वाले बजट में व्यापारियों को सरकार से बहुत आस है। व्यापारी हित में हर व्यापारी का पांच लाख का बीमा सरकार की तरफ से फ्री होना चाहिए। छोटे उद्योगों के लिए पूंजी और भूमि की उपलब्धता सबसे बड़ी समस्या है। बैंक ऋण की प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली होती है। बजट में यदि उद्यमियों के लिए आसान लोन, ब्याज में छूट और टैक्स में राहत दी जाती है तो नए उद्योग स्थापित करने में मदद मिलेगी। **रामकृष्ण शुक्ला**, महानगर अध्यक्ष, व्यापारी सुरक्षा फोरम


उद्योग जगत अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है। कच्चे माल के दामों में बढ़ोतरी का सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा है। ऐसे में यदि बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए आसान और कम ब्याज वाले ऋण की व्यवस्था की जाती है, तो इससे उद्यमियों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिल सकती है। – **मयूर धीरवानी**, चैप्टर चेयरमैन

### कमठेना में पंचायत उत्सव भवन निर्माण को 70.5 लाख जारी

**बरेली, अमृत विचारः** गांव कमठेना में पंचायत उत्सव भवन के निर्माण की शुरुआत हो गई है। पहली किस्त के रूप में 70.50 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। यह भवन एक बहुउद्देशीय स्थल के रूप में तैयार किया जाएगा, जिसमें एक हाल, स्टेज और मंडप के साथ 100 लोगों की बैठने की क्षमता होगी। भवन में तीन कमरे होंगे, जिनमें एक भूतल पर दिव्यांगजन हितैषी कमरा भी शामिल होगा। इसके अलावा पुरुष, महिला और दिव्यांग शौचालय, रसोईघर और अन्य आवश्यक सुविधाओं का निर्माण भी किया जाएगा। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि इस परियोजना का निर्माण डीएम की अध्यक्षता में बनी कमेटी की देखरेख में कराया जाएगा। बताया कि भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया केवल सात दिनों में फाइनल कर ली जाएगी, जिससे शीघ्र निर्माण कार्य शुरू किया जा सके।

# रुविवि में खेले गए गिल्ली-डंडा और कंचे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय क्रीड़ा मैदान में 51वें स्थापना दिवस का शुभारंभ मंगलवार कुलपति प्रो. केपी सिंह ने गुब्बारे उड़ाकर और पारंपरिक खेल सपोलिया, गुल्ली डंडा तथा कंचे खेल कर किया। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर आयोजित खेलों में विश्वविद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पारंपरिक खेलों में उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।


शिक्षकों संग कंचे खेलते कुलपति। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता के सपोलिया, गिल्ली डंडा और कंचे में शिक्षक विजेता रहे। गिल्ली डंडा में डॉ. विजय कुमार सिंहाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षकों को विजय दिलाई। कंचे में डॉ. उपेंद्र कुमार, डॉ. विजय सिंहाल, डॉ. अतुल कटियार, डॉ. अजीत सिंह और डॉ. ललित पांडे का प्रदर्शन शानदार रहा। सपोलिया में डॉ. पवन कुमार, डॉ. अजीत सिंह

- सपोलिया, गिल्ली डंडा और कंचे में शिक्षक टीम रही विजेता
- क्रिकेट मैच में शिक्षणेत्तर कर्मियों ने शिक्षक टीम को हराया

का प्रदर्शन शानदार रहा। इसके बाद शिक्षक बनाम शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया।

मैच का शुभारंभ कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बैटिंग कर किया। क्रिकेट मैच में शिक्षणेत्तर कर्मचारी शिक्षक टीम को हराकर विजयी रहे। इसमें कर्मचारियों की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 156 रन का स्कोर बनाया।

कमल सिंह ने 23 रन, नवीन संतुले ने 20 रन, अरविंद ने 27 रन, विक्रम ने 28 रन और निखिल ने 25 रन बनाए। शिक्षक टीम में डॉ. विजय कुमार सिंहाल ने बढ़िया गेंदबाजी करते हुए 2 गेंदों में लगातार दो विकेट लिए। शिक्षक टीम 19 ओवर में 81 रन पर ऑल आउट हो गई।

इस अवसर पर कुलसचिव हरीश चंद, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, क्रीड़ा परिषद सचिव डॉ. एसएस बेदी, सह-क्रीड़ा सचिव डॉ. विजय कुमार सिंहाल, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. इरम नईम, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, धर्मेंद्र शर्मा, सुहेल हुसैन आदि मौजूद रहे।

### हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में मंगलवार से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। कथा का वाचन वृंदावन से आए कथाव्यास वरुण दास महाराज द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम पंजाबी महासभा महिला इकाई और हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर की ओर से संपन्न हो रहा है। महिला अध्यक्ष मनीषा आहूजा ने बताया कि पंजाबी महासभा सामाजिक कार्यों के साथ-साथ धार्मिक आयोजनों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। भागवत कथा का आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने का माध्यम है। कथाव्यास वरुण दास ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा ऐसे आयोजन सनातन संस्कृति के प्रति जनजागरण का कार्य करते हैं। मंदिर अध्यक्ष राम सेठी व महिला मंडल ने वृंदावन से आई कथा टीम का स्वागत किया। पहले दिन के यजमान संजय आनंद और सिम्मी आनंद रहे। भावना सेठी, पूनम अरोरा, पूजा नारंग, पवन नारंग आदि का सहयोग रहा।

## सिटी डायरी

### श्री बालाजी धाम में 27वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**बरेली, अमृत विचार :** सौ फुटा रोड स्थित एमईएस कालोनी में श्री बालाजी धाम मंदिर का 27वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंगलवार सुबह बालाजी का दरबार सजाया गया और संगीतमय भजन-कीर्तन के साथ हवन उद्यापन किया गया। दोपहर 2 बजे से भंडारा शुरू होकर शाम तक चला। मंदिर को फूल मालाओं और गुब्बारों से भव्य ढंग से सजाया गया था। हजारों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। महंत अनिल अग्रवाल और केपी सिंह ने बताया कि 27 साल पहले बालाजी महाराज का दरबार लगाना शुरू किया था और इसे वार्षिकोत्सव के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। कार्यक्रम में पंडित पवन पाठक, डॉ भुवनेश शर्मा, अनुपम गोयल, सुनील कुमार गुप्ता, लखन लाल राजपूत, रितेश श्रीवास्तव, हरिओम शर्मा, मयंक पांडेय, राजीव श्रीवास्तव सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।





### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर निबंध प्रतियोगिता

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली, अमृत विचार : कस्तूरबा नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 68 वीं पुण्यतिथि पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति विचार मंच की ओर से किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नौ की छात्रा अंशिका ने प्रथम, रहनुमा ने द्वितीय और वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिक्षिकाओं ने मां शारदे की वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य मनोरमा रानी और मंच अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री इंद्रदेव त्रिवेदी ने किया।

### एनएसएस स्वयंसेवियों ने सीखी संयमित रहने तकनीक

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की छात्रा इकाई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ने मंगलवार को प्रथम एक दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। प्रथम चरण में स्वयंसेवियों को एनएसएस के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और सामाजिक महत्व से अवगत कराया गया। एनएसएस पूर्व वालंटियर अनमता जावेद ने एनएसएस की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने एनएसएस गीत की प्रस्तुति देकर वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया। द्वितीय चरण में मनोविज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुविधा शर्मा ने युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति कारण एवं निवारण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवियों को स्वयं को संयमित रखने की तकनीक सिखाई तथा हीन भावना, तनाव, आर्थिक व शारीरिक समस्याओं तथा असफलता को आत्मघाती प्रवृत्तियों के प्रमुख कारण बताया। कार्यक्रम में डॉ. अमिता गुप्ता, डॉ. अजिता सिंह तिवारी, प्रो. प्रतिभा शर्मा, प्रो. गोसिया, एनएसएस वालंटियर्स आदि उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को 'गोदान' फिल्म दिखाई



**बरेली, अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटले ने मंगलवार को कार्यकर्ताओं को 'गोदान' फिल्म दिखाई। यह फिल्म फीनिक्स मॉल के पीवीआर में प्रदर्शित की गई, जिसका मुख्य विषय गो सेवा था। फिल्म प्रदर्शन के बाद, रश्मि पटेल ने उपस्थित सभी लोगों को गौ माता के जीवन की रक्षा के लिए एक शपथ दिलाई। इस पहल का उद्देश्य समाज में गो सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शपथ के तहत, नागरिकों ने सड़क किनारे गायों को पॉलीथीन में भोजन न देने का संकल्प लिया। इसके बजाय, उन्हें अपने घरों में बचे हुए भोजन को सावधानीपूर्वक गौशाला तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत पटले ने इस पूरी पहल का नेतृत्व किया, जिसमें गो सेवा के महत्व पर जोर दिया गया।

**आस्था** — कश्मीरी छात्रों ने की देश में अमन, शांति और भाईचारे की खुसूसी दुआ

# कश्मीरी छात्रों ने दरगाह आला हजरत पर दी हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गृह मंत्रालय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आए जम्मू कश्मीरी छात्रों का दल मंगलवार को विश्व विख्यात दरगाह आला हजरत पर हाजिरी देने के लिए पहुंचा। छात्रों ने दरगाह पर एक घंटा समय बिताकर बरेली का मशहूर सुरमा खरीदने के अलावा आला हजरत की लिखी हुई किताबें खरीदीं।

जम्मू कश्मीर के नगर, जम्मू, पहलगाम, लद्दाख, लेह, बारामुरा आदि जिलों से 124 छात्रों का दल इन दिनों बरेली आया हुआ है। कश्मीरी छात्रों ने मंगलवार को दरगाह आला हजरत पर हाजिरी दी।

कश्मीरी छात्रों ने दरगाह पर हाजिरी देकर देश में अमन शांति और भाईचारे की खुसूसी दुआ की। छात्रों ने दरगाह परिसर, मदरसा मंज़र-ए-इस्लाम, रज़ा मस्जिद, अफ्रीकी हॉस्टल को देखा। कश्मीरी


दरगाह-ए-आला हजरत पर कश्मीरी युवा। ● अमृत विचार

- खरीदा बरेली का सुर्मा और आला हजरत की लिखी किताबें देखा मदरसा और हॉस्टल

छात्र मसूद अहमद ने कहा कि बरेली सूफी संतों की नगरी है। भारत एक खूबसूरत गुलदस्ता है और हिन्दू, मुसलमान, सिख और ईसाई इस गुलदस्ते के फूल हैं। हमारी एकता ही हमारी ताकत है। जो दुनिया भर में हमारी अलग पहचान कराती है। हमने सूफी बुजुर्ग आला हजरत का काफी नाम सुना था। आज यहां हाजिरी का शर्फ भी हासिल हुआ। हमारे मुल्क के सूफी संतों और बुजुर्गों ने हमेशा अमन-ओ-सुकून का पैग़ाम दिया। यहां आकर रूहानी सुकून मिला। छात्र लगभग एक घंटा दरगाह पर रहे। यहां से छात्रों ने बरेली का मशहूर सुरमा और आला हज़रत की लिखी किताबों की खरीदारी की।

इससे पहले दरगाह पहुंचने पर कश्मीरी छात्रों के दल का स्वागत मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी, डॉक्टर हसन कादरी व समाजसेवी जहीर अहमद ने फूलों से किया। दल डिप्टी डायरेक्टर केंद्रीय खेल मंत्रालय पुष्पा सिंह, जिला युवा अधिकारी शाहजहांपुर मयंक भदौरिया और रुहेलखंड विश्वविद्यालय से सुधांशु शर्मा, फर्रुखाबाद से शिखर रस्तोगी, बरेली से समाजसेवी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंचा था।

### बरेली में किया शैक्षणिक भ्रमण

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के वतन को जानो कार्यक्रम बरेली आए 124 कश्मीरी युवाओं ने मंगलवार को शहर के विभिन्न शैक्षणिक, ऐतिहासिक और व्यवसायिक स्थलों का भ्रमण किया। कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को प्रतिभागियों ने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का भ्रमण किया। आईवीआरआई में डियर पार्क, वन्य प्राणी उद्यान, एनाटॉमी विभाग तथा संग्रहालय (म्यूजियम) आदि स्थलों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान युवाओं को पशु चिकित्सा विज्ञान, अनुसंधान गतिविधियों एवं जैव विविधता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इसमें युवाओं ने अपनी जिज्ञासा दिखाते हुए जानकारी को एकत्र किया। इसके बाद युवा फीनिक्स मॉल घूमे, जहां उन्हें आधुनिक शहरी जीवनशैली, वाणिज्यिक गतिविधियों और मनोरंजन के साधनों से रूबरू होने का अवसर मिला। युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम देश के विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं के बीच आपसी समझ, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। प्रतिभागियों ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया। इस अवसर पर माय भारत बरेली की उपनिदेशक पुष्पा सिंह, जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, डॉ. अनिल बिष्ट, डॉ. छवि शर्मा, जहीर अहमद, नसीर अहमद, राज्य प्रशिक्षक अजय राज शर्मा, अमित तोमर, मोहित शर्मा, काजल, आलोक पटेल, तरुण कुशवाहा, शिवांग पटेल, परीनीता, खुशनाज, लवी शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।